सुविचार
जीने की कुछ तो वजह होनी चाहिए,
वादे ना सही यादें तो होनी चाहिए।

# अंतर्कथा

खबरों की विश्वसनीयता हमारी पहचान...






# जयराम महतो ने ताल ठोका, 55 सीटों पर विंधानसभा चुनाव में उतारेंगे प्रत्याशी,तैयारी शुरू

अंतर्कथा प्रतिनिधि

रांचीः छात्र राजनीति के जरिए झारखंड की राजनीति में खास पहचान बनाने वाले जयराम महतो ने आगामी विधानसभा चुनाव में 55 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है. रांची के ऑक्सीजन पार्क में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के प्रमुख जयराम महतो ने कहा कि विधानसभा चुनाव में सवर्ण उम्मीदवार भी उतारे जाएंगे, जिसमें बुद्धिजीवी वर्ग के लोग शामिल होंगे.



मीडिया से बात करते हुए जयराम महतो (ईटीवी भारत)

उन्होंने कहा कि गोड्डा लोकसभा क्षेत्र पर पार्टी का ध्यान है. इस बार प्रत्याशी नहीं मिल पाने की वजह से लोकसभा चुनाव में कोई प्रत्याशी नहीं दिया गया, मगर विधानसभा चुनाव में जरूर संथाल क्षेत्र में प्रत्याशी उतारे जायेंगे. उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान राज्य की जनता से मिले समर्थन के लिए आभार जताते हुए कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव में पार्टी मजबूती के साथ चुनाव लड़ने का काम करेगी.

उन्होंने कहा कि गोड्डा लोकसभा क्षेत्र पर पार्टी का ध्यान है. इस बार प्रत्याशी नहीं मिल पाने की वजह से लोकसभा चुनाव में कोई प्रत्याशी नहीं दिया गया, मगर विधानसभा चुनाव में जरूर संथाल क्षेत्र में प्रत्याशी उतारे जायेंगे. लोकसभा चुनाव के दौरान राज्य की जनता से मिले समर्थन के लिए आभार जताते हुए कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव में पार्टी मजबूती के साथ चुनाव लड़ने का काम करेगी.

जयराम महतो ने कहा कि जल्द ही चुनाव आयोग से रजिस्ट्रेशन और चुनाव चिन्ह मिलने की संभावना है. जिसके बाद विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारी पूरी की जाएगी. उन्होंने कहा कि जिस तरह से एक साल पहले बनी पार्टी को लोकसभा चुनाव में जनता का समर्थन प्राप्त हुआ उससे हम उत्साहित हैं. गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र में हम आगे रहे और मजबूती के साथ चुनाव लड़ने में सफल रहे.

बाघमारा में बीजेपी विधायक ढुल्लू महतो का समर्थन मिलने से इनकार करते हुए जयराम ने कहा कि इस चुनाव में हमें सभी जातियों से समर्थन मिला है.

### झारखंड के छात्रों के लिए जारी रहेगा संघर्ष

झारखंड के छात्रों के लिए संघर्ष जारी रखने की घोषणा करते हुए जयराम महतो ने कहा कि जिस तरह से राज्य में छात्रों के बीच हताशा और निराशा है, वैसे में हमारा संघर्ष आगे भी जारी रहेगा.

इसी मुद्दे पर चुनाव लड़ने का काम करेंगे. उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान एनडीए और इंडिया गठबंधन द्वारा उन्हें चुनाव लड़ने का ऑफर दिया गया. फोन पर लंबी बातचीत हुई मगर हमने इससे इनकार कर दिया.

चुनाव से पहले हरियाणा कांग्रेस के लिए बुरी खबर,

# बंसीलाल की बहू किरण चौधरी ने छोड़ा 'हाथ' का साथ

अंतर्कथा प्रतिनिधि

हरियाणा। कांग्रेस के लिए चुनाव से पहले बुरी खबर सामने आई है। कांग्रेस का बड़ा जाट चेहरा बंसीलाल की बहू किरण चौधरी ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है।विधायक किरण चौधरी व उनकी बेटी श्रुति चौधरी ने मल्लिकार्जुन खरगे को इस्तीफा सौंपते हुए भूपेंद्र हुड्डा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि उनकी राजनीति को खत्म करने की साजिश रची जा रही थी।उन्होंने त्यागपत्र में लिखा



कि वह कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रही हैं। मैं चार दशक से पार्टी की वफादार कार्यकर्ता रही। मैंने हरियाणा में चौधरी बंशीलाल की विरासत को जारी रखा। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस पर उनके खिलाफ साजिश के आरोप लगाए।

### हरियाणा में टूटा 'एसआरके' ग्रुप

आपको बता दें कि हरियाणा कांग्रेस में एसआरके नाम से कांग्रेस के अंदर एक ग्रुप था, जिसमें किरण, सैलजा और रणदीप सुरजेवाला थे। यह ग्रुप हरियाणा की राजनीति में सिमटता जा रहा था।

# झारखंड में होगा जाति सर्वेक्षण, आज कैबिनेट में आ सकता है प्रस्ताव

अंतर्कथा प्रतिनिधि

झारखंड में जाति सर्वेक्षण का रास्ता साफ हो गया है. राज्य सरकार ने कार्मिक व प्रशासनिक सुधार विभाग के कार्य दायित्व में जाति सर्वेक्षण को शामिल करने का फैसला किया है. इसके लिए झारखंड कार्यपालिका नियमावली में संशोधन किया जा रहा है. कैबिनेट को भेजे गये प्रस्ताव में कहा गया है कि अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति व अन्य पिछड़े वर्ग के सदस्य सदियों से वंचित, शोषित और हाशिये पर रहे हैं. इसलिए राज्य सरकार आनुपातिक समानता में तेजी लाने के उद्देश्य से जाति



सर्वेक्षण करायेगी.

इसके लिए झारखंड कार्यपालिका नियमावली में बदलाव करते हुए कार्मिक विभाग के कार्य दायित्व में जाति सर्वेक्षण को भी जोड़ा जाये.

राज्य सरकार बोकारो जिला के लुगुबुरू पहाड़ पर दामोदर घाटी निगम का प्रस्तावित 1500 मेगावाट पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट का निर्माण रोकेगी. इस प्रोजेक्ट का स्थानीय लोग विरोध कर रहे हैं. गृह विभाग की जांच रिपोर्ट में प्रोजेक्ट का निर्माण बलपूर्वक कराने पर आदिवासी समुदाय की जनभावना आहत होने, लोक शांति भंग होने और जनाक्रोश का सामना करने की आशंका जतायी गयी है. कहा गया है कि प्रोजेक्ट से संताली आदिवासियों के प्रसिद्ध महाधर्म स्थल का प्राकृतिक स्वरूप प्रभावित होगी. अब राज्य सरकार भारत सरकार से उक्त प्रोजेक्ट को स्थगित करने का आग्रह करेगी.

# सुप्रीम कोर्ट की NTA को चेतावनी,गलती हुई है तो स्वीकार करें, और जांच कर उचित कदम उठाए

अंतर्कथा प्रतिनिधि

नई दिल्ली। मेडिकल पाठ्यक्रम में प्रवेश की नीट-यूजी परीक्षा में गड़बड़ियों और पेपर लीक की शिकायतों को लेकर सड़क से अदालत तक उतरे छात्रों का दर्द सुप्रीम कोर्ट को भी महसूस होने लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नीट-यूजी परीक्षा में गड़बड़ियों के बारे में दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान टिप्पणी करते हुए कहा इसका संकेत देते हुए कहा कि अगर किसी की ओर से 0.001 प्रतिशत भी लापरवाही हुई है तो उस की गंभीरता से जांच होनी चाहिए।

कोर्ट ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) और केंद्र सरकार से कहा कि इन सभी मामलों को प्रतिकूल मुकदमेबाजी की तरह नहीं लिया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने डॉक्टर बनने का सपना संजोए नीट के लिए कड़ी मेहनत करने वाले अभ्यर्थियों की व्याकुलता समझते हुए कहा कि हम सभी जानते हैं कि इन परीक्षाओं के लिए बच्चे कितनी मेहनत करते हैं।

### कोर्ट ने किया सचेत

सुप्रीम कोर्ट ने सिस्टम से धोखाधड़ी कर डॉक्टर बनने वालों से समाज को होने वाले खतरे के प्रति सचेत करते हुए कहा कि उस स्थिति की कल्पना करें, जहां किसी व्यक्ति ने



सिस्टम के साथ धोखाधड़ी की और डॉक्टर बन गया। वह समाज के लिए अधिक घातक है। शीर्ष अदालत ने एनटीए से कहा कि परीक्षा कराने वाली एजेंसी का प्रतिनिधित्व करते हुए उसे दृढ़ रहना चाहिए। अगर गलती हुई है तो उसे स्वीकार करना चाहिए कि हां गलती हुई है और हम ये कार्रवाई करने जा रहे हैं। कम से कम इससे आपके काम पर भरोसा तो पैदा होगा।

न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने केंद्र सरकार और एनटीए की पैरोकारी कर रहे वकीलों से कहा कि वह उनसे टाइमली एक्शन चाहते हैं।

### दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने के निर्देश

पीठ ने नई याचिकाओं पर केंद्र और एनटीए को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा है। इसके साथ ही इन नई याचिकाओं को भी पहले से लंबित याचिकाओं के साथ संलग्न करते हुए आठ जुलाई को सुनवाई के लिए लगाने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को नीट में गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए दोबारा परीक्षा कराने की मांग वाली दो नई याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था।

शुरुआत में मामला सुनवाई पर आते ही कोर्ट ने कहा कि वह इन दोनों याचिकाओं पर भी नोटिस जारी कर रहे हैं। इन याचिकाओं को पहले से लंबित याचिकाओं के साथ संलग्न किया जाता है जिन पर आठ जुलाई को सुनवाई होनी है। केंद्र और एनटीए के वकील ने कोर्ट से कहा कि उनके उत्तर दाखिल करने तक कोर्ट मामले में कोई टिप्पणी न करे।

# धनबाद डीसी ऑफिस में नौकरी दिलाने के नाम पर 28 लोगों से 2 करोड़ की ठगी, ठग फरार

अंतर्कथा प्रतिनिधि




झारखंड के धनबाद डीसी कार्यालय में नौकरी दिलाने के नाम पर 28 युवकों से 2 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी करने का मामला सामने आया है. ठगी करने वालों ने अधिकारी की नौकरी दिलाने के नाम पर पैसे वसूले हैं. आरोपियों ने युवक और युवतियों को फर्जी योगदान लेटर भी डाक से भेजा था. जब युवकों ने ठगी करने वाले विकास कुमार से योगदान दिलाने के लिए धनबाद साथ चलने के लिए दबाव बनाया, तो वह कुल्टी स्थित अपने किराए के मकान से फरार हो गया.

झारखंड के धनबाद डीसी कार्यालय में नौकरी दिलाने के नाम पर 28 युवकों से 2 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी करने का मामला सामने आया है. ठगी करने वालों ने अधिकारी की नौकरी दिलाने के नाम पर पैसे वसूले हैं. आरोपियों ने युवक और युवतियों को फर्जी योगदान लेटर भी डाक से भेजा था. जब युवकों ने ठगी करने वाले विकास कुमार से योगदान दिलाने के लिए धनबाद साथ चलने के लिए दबाव बनाया, तो वह कुल्टी स्थित अपने किराए के मकान से फरार हो गया.

इसके बाद उसने अपना फोन भी बंद कर लिया. ठगों के इस गिरोह में विकास कुमार के साथ दीपक राम भी शामिल है. विकास कुमार ने जिन 28 युवकों से ठगी की है, उनमें बंगाल के कुल्टी निवासी, उसके मकान मालिक के बेटे प्रकाश सिंह और बेटी अनामिका कुमारी भी शामिल हैं. बाकी 26 युवक-युवतियां धनबाद के निरसा की हैं. सभी युवक-युवतियां करीब एक सप्ताह पहले योगदान लेटर लेकर पूर्व धनबाद डीसी आफिस पहुंचे, तो उन्हें पता चला कि वे ठगी के शिकार हुए हैं. इसके बाद सभी शनिवार को फिर से धनबाद डीसी आफिस पहुंचे और सिटी एसपी अजीत कुमार से मिले और उन्हें पूरे मामले की जानकारी दी.

### मकान मालिक के बेटे और बेटी को झांसे में लिया'

दरअसल, अगस्त 2023 में विकास कुमार ने स्वयं को धनबाद का एक्साइज इंस्पेक्टर और चर्च का फादर बता कुल्टी बोहला में किराए पर एक मकान लिया. उसने सबसे पहले अपने मकान मालिक के बेटे और बेटी को झांसे में लिया. फिर धनबाद उपायुक्त कार्यालय के पांच विभागों में अधिकारी, क्लर्क और चतुर्थ श्रेणी में 160 रिक्तियां हैं. इसके लिए उसने बकायदा झारखंड कर्मचारी चयन आयोग का पत्र भी दिखाया.

इसके बाद उसने 28 युवकों से नौकरी दिलाने के नाम पर 15-15 हजार रुपये की वसूली की. विकास इन युवकों को धनबाद का पुराना डीसी कार्यालय लेकर भी आया. डीसी ऑफिस के बरवाअड्डा शिफ्ट होने के बाद वह वहां भी इन युवकों को लेकर गया. उसने नए डीसी कार्यालय के बाहर इन युवकों के साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं. इन्हें अपने झांसे में लेने के लिए उसने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग, चयनित सूची समेत तमाम दस्तावेज दिखाए.

### 'चार से नौ लाख रुपये प्रति व्यक्ति लिए'

इस बीच उसने युवक-युवतियों से किस्तों में राशि वसूली की. यह राशि प्रति व्यक्ति 4 से 9 लाख रुपये तक है. ज्वाइनिंग लेटर युवक-युवतियों को भेजा गया उसमें सभी का नाम और पद का भी जिक्र किया गया था. विकास कुमार ने नौ विभागों के नाम से सभी को जॉइनिंग लेटर भेजा था. इनमें धनबाद का पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, परिवहन विभाग, मद्य निषेध विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, कल्याण विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग, महिला व बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, जिला सांख्यिकी विभाग और समाज कल्याण विभाग का नाम शामिल है.

### अधिकारियों के हस्ताक्षर एवं मुहर का भी किया प्रयोग'

विकास कुमार ने जो पत्र जारी किए वे हूबहू सरकारी पत्रों जैसे हैं. यहां तक की झारखंड सरकार के लोगो का उपयोग भी सभी पत्रों पर किया गया है. इसके अलावा धनबाद और रांची के सचिव स्तर के अधिकारियों के हस्ताक्षर एवं मुहर का भी प्रयोग किया गया है.

## बुढ़मू पुलिस ने टीएसपीसी के एरिया कमांडर दिवाकर गंझू सहित उसके दास्ता के लोगों को किया गिरफ्तार

अंतर्कथा प्रतिनिधि

रांची : रांची के बुढ़मू पुलिस ने टीएसपीसी के एरिया कमांडर दिवाकर गंझू उर्फ प्रताप जी के दस्ता के सक्रिय सदस्य बड़कागांव थाना क्षेत्र के देवगढ निवासी बादल गंझू (20) और बुढ़मू थाना क्षेत्र के उमेडंडा निवासी प्रिंस जयसवाल (23) को गिरफ्तार कर लिया है.



### हथियार हुए बरामद

बादल गंझू और प्रिंस जायसवाल के पास से एक देशी पिस्टल, दो जिंदा गोली और दो मोबाइल के साथ सोमवार रात में उमेडंडा से गिरफ्तार किया गया. जानकारी के अनुसार वरीय पुलिस अधीक्षक रांची को सूचना मिली थी कि दो नक्सली उमेडंडा शिव मंदिर के पास लेवी वसूली के लिए आये हुए हैं और लेवी लेने के लिए कुछ लोगों को बुला रहे है.

### सूचना मिलने पर पुलिस ने की छापेमारी

सूचना मिलने के बाद में डीएसपी खलारी के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया. इसके बाद पुलिस दलबल के साथ उमेडंडा शिव मंदिर के पास पहुंची. पुलिस को देखते ही बादल और प्रिंस भागने लगे. जिसे पुलिस बल के सहयोग से हथियार और मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया.

### दोनों पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं

बादल गंझू पर बड़कागांव, केरेडारी और पतरातु थाना क्षेत्र में रंगदारी वसूलने, अवैध हथियार रखने और पुलिस बल पर हमला करने सहित कई अन्य आरोपों में मामला दर्ज है. वहीं प्रिंस जयसवाल पर बुढ़मू थाना में लूटपाट करने सहित अन्य आरोपों में मामला दर्ज है. छापामारी दल में डीएसपी रामनारायण चौधरी, थाना प्रभारी रामजी कुमार, पुअनि संजीव कुमार, सअनि आशिष रंजन, रघुनंदन मंडल और संतोष दास शामिल है. हाल के समय में पुलिस और सुरक्षाबलों को नक्सलियों के खिलाफ सफलता हाथ लगी है.

## नहीं रहीं रांची विवि उर्दू विभाग की पूर्व अध्यक्ष व साहित्यकार डॉ कहकशां परवीन

अंतर्कथा प्रतिनिधि

रांची : रांची विवि स्नातकोत्तर उर्दू विभाग की पूर्व अध्यक्ष व उर्दू साहित्यकार डॉ कहकशां परवीन (रोजी) का इलाज के क्रम में गुड़गांव स्थित मेदांता अस्पताल में सोमवार देर रात निधन हो गया. वे लगभग 66 वर्ष की थीं. डोरंडा स्थित परासटोली की रहनेवाली डॉ परवीन 21 नवंबर 1996 में विवि सेवा में आयी थीं. वे डोरंडा कॉलेज में भी उर्दू विभागाध्यक्ष रह चुकी थीं. रांची विवि पीजी उर्दू विभाग से 28 फरवरी 2023 को सेवानिवृत्त हुई थीं. हाल ही में झारखंड लोक सेवा आयोग की अनुशंसा पर रांची विवि सिंडिकेट द्वारा सात शिक्षकों को एसोसिएट प्रोफेसर से असिस्टेंट प्रोफेसर में पदावनत होने वालों में एक डॉ परवीन भी थीं. तबीयत बिगड़ने पर डॉ परवीन को एयर एबुंलेंस से इलाज के लिए रांची से मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था. उनका पेट का ऑपरेशन हुआ था. निधन के बाद कारगो एयर चार्टर से डॉ परवीन का पार्थिव शरीर पटना ले जाया गया. जहां 19 जून को उनकी ससुराल शाहगंज स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया जायेगा. डॉ परवीन के निधन पर रांची विवि स्नातकोत्तर उर्दू विभाग के अध्यक्ष डॉ मो रिजवान अली ने दुख व्यक्त किया. इधर फेडरेशन ऑफ रिटायर्ड यूनिवर्सिटी एंड कॉलेज टीचर एसोसिएशन ऑफ झारखंड (फुर्टाज) ने डॉ परवीन के दुख पर शोक व्यक्त किया है. डॉ बब्बन चौबे की अध्यक्षता में ऑनलाइन शोक सभा में डॉ हरिओम पांडेय, डॉ राम एकबाल तिवारी, डॉ कुंदन ठाकुर आदि शामिल थे.

## बलियापुर बीडीओ ने विभिन्न पंचायतों के मुखिया व अपने कार्यालय कर्मियों के साथ विभिन्न योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की



अंतर्कथा प्रतिनिधि

बलियापुर: प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा ने विभिन्न पंचायतों के मुखिया व अपने कार्यालय कर्मियों के साथ पंचायत में चल रही विभिन्न योजनाओं से संबंधित समीक्षा बैठक की.

बैठक में अबुआ आवास योजना अंतर्गत द्वितीय किस्त के भुगतान के लिए सभी पंचायत सचिवों को दो दिनों के अंदर शत प्रतिशत जिओ टेग व दस्तावेज अपलोड करने का निर्देश दिया. मॉनीटरिंग एप के तहत सभी स्वीकृत एवं प्रथम भुगतान हो चुकी योजनाओं का शत प्रतिशत फोटो अपलोड सुनिश्चित करने को कहा गया.

मनरेगा का मानव दिवस सृजन अबुआ आवास में डिमांड, बिरसा सिंचाई कूप योजना में डिमांड, पुरानी योजनाओं की पूर्णता, खेल मैदान की पूर्णता, आम बागवानी सत्यापन आदि की प्रगति की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गयी. असंतोषजनक प्रगति वाले दुधिया, भिखराजपुर व आमझर पंचायत के ग्राम-रोजगार सेवकों से स्पष्टीकरण मांगा गया.

## दो लड़कियों को एकदूसरे से प्यार हो गया,पहुंची थाने, कहा सर हमारी शादी करा दो,पुलिस हैरान!

अंतर्कथा प्रतिनिधि




पाली. राजस्थान के पाली जिले में हैरान करने वाला मामला सामने आया है. यहां पर दो लड़कियों को एकदूसरे से प्यार हो गया. रविवार को दोनों पुलिस स्टेशन पहुंच गई और पुलिस से शादी करवाने की गुहार लगाने लगी. पुलिस भी दोनों की जिद देखकर हैरान रह गई. मामला पाली जिले के जैतपुर थाने का है. थानेदार ने दोनों लड़कियों को समझाया लेकिन वो नहीं मानी और शादी करवाने का अनुरोध करती रहीं. पुलिस ने दोनों के परिजनों को सूचना दी. बाद में दोनों को पाली स्थित सखी सेंटर पर लाया गया जहां उनकी काउंसिलिंग की जाएगी.

पुलिस का कहना है कि दोनों लड़कियां पड़ोसी हैं. एक 20 साल की है जबकि दूसरी 25 वर्ष की है. पहले दोनों में दोस्ती हुई और यही दोस्ती अब प्यार में बदल गई है. दोस्ती में प्यार में बदली तो शादी करने का फैसला किया. परिवार के डर से दोनों जैतपुर थाने पहुंच गई. थाना प्रभारी से शादी करवाने की बात कही. एक बार तो थाना प्रभारी को भी दोनों की अर्जी पर भरोसा नहीं हुआ.

### सर! हमारी शादी करवा दो

दोनों लड़कियों ने एसएचओ के सामने अपने प्यार का इजहार किया और शादी करने की इच्छा जताई. एसएचओ ने पहले तो दोनों को अपने स्तर पर समझाने का प्रयास किया. जब लड़कियों ने जिद नहीं छोड़ी तो दोनों के परिजनों से फोन पर बात कराई. फिर भी दोनों लड़कियां टस से मस नहीं हुई. इतना ही नहीं दोनों ने घर जाने से ही इनकार कर दिया. अंत में थक-हारकर पुलिस ने शाम को दोनों को पाली स्थित सखी सेंटर पर काउंसिलिंग के लिए भेज दिया.

# मुजफ्फरपुर कांड में बड़ा खुलासा, टारगेट पूरा नहीं होने पर करते थे लड़के-लड़कियों की पिटाई, मुख्य आरोपी गोरखपुर से गिरफ्तार

अंतर्कथा प्रतिनिधि

मुजफ्फरपुरः चिटफंड कंपनी में नौकरी का झांसा देकर यौन शोषण की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ शिकंजा कसना शुरू कर दिया है. पुलिस ने इस मामले में बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए मुख्य आरोपी तिलक सिंह को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस के मुताबिक तिलक सिंह को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से दबोचा गया जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है.



### 'नेशनल लेवल पर काम कर रही है कम्पनी':

इस मामले में पुलिस ने जो जानकारी दी है उसके मुताबिक "आरोपी कंपनी चलाता है, जो नेशनल लेवल पर डायरेक्ट सेलिंग का काम करती है. कंपनी का मुख्य काम हर्बल मेडिसिन का है. पिछले 5-6 साल से कंपनी काम कर रही है."

"अहियापुर पुलिस पीड़िता के साथ बखरी स्थित कार्यालय पहुंची थी. उस कार्यालय पर पिछले वर्ष 19 मई को भी रेड की गई थी. वह बंद पड़ा था हालांकि, कम्पनी से जुड़े करीब चार दर्जन युवक- युवतियों से कंपनी के बारे में जानकारी ली गई. जांच में पता चला कि उक्त कंपनी रजिस्टर्ड है. यह नेशनल लेवल पर काम कर रही है. इसमें ज्यादातर लड़के हैं, हालांकि लड़कियां भी काम करती हैं."-

### टारगेट पूरा नहीं करने पर मारपीटः

पुलिस के मुताबिक जांच में ये बात सामने आई कि जो लोग काम करते हैं, उन्हें सैलरी दी जाती है. मारपीट के वायरल हुए वीडियो की भी जांच कराई गई. जांच में पता चला कि जो लड़के और लड़कियां टारगेट पूरा नहीं करते हैं, उनके साथ कंपनी के सीनियर स्टाफ मारपीट करते हैं.इन लोगों का ग्रुप एक साथ ही रहता है. अब इस बिंदु पर अलग से जांच की जा रही है.

### 'यौन शोषण की बात बिल्कुल गलत':

सिटी एसपी ने बताया कि कंपनी नेशनल लेवल पर काम करती हैं और इससे लाखों लड़के-लड़कियां जुड़ी हैं. एक बात जो सामने आ रही थी कि यहां सिर्फ लड़कियों को रखा जाता है और यौन शोषण होता है तो ये बात बिल्कुल गलत है. इसमें लड़के ज्यादा संख्या में काम कर रहे हैं.

"सिवान की रहनेवाली पीड़िता ने 9 लोगों के खिलाफ FIR दर्ज कराई थी.इसमें तिलक कुमार पर यौन शोषण का आरोप है. इनमे शामिल दो लोगो पर पूर्व में भी एफआईआर दर्ज की जा चुकी है. जबकि, पिछले साल हुई रेड में 7 लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेज भेजा गया था."

### जमानत पर कंपनी का सीएमडीः

पुलिस के मुताबिक कंपनी का सीएमडी मनीष सिन्हा नोएडा में रहता है. वह भी सिवान का रहने वाला है.उसके खिलाफ भी बीते वर्ष FIR दर्ज हुई थी. उस मामले में वह जमानत लेकर बाहर है. इस बार भी उसके खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है. उसकी गिरफ्तार के लिए छापेमारी की जा रही है.

### 'पीड़िता ने भी 50-60 लड़कियों को कंपनी से जोड़ा था':

सिटी एसपी ने एक चौंकाने वाला खुलासा ये किया कि पिछले साल जब कंपनी के खिलाफ रेड हुई थी तो सिवान की पीड़िता लापता हो गई थी, क्योंकि इसने भी करीब 50 से 60 लड़कियों को कंपनी से जोड़ा था. ऐसे में उसे खुद के फंसने का भी डर था. अब एक साल बाद उसने केस दर्ज करवाया है. उसके बयान के आधार पर कार्रवाई की जा रही है. जिसकी भी भूमिका सामने आएगी उसे गिरफ्तार किया जाएगा.

### क्या है मामला ?:

बता दें कि सिवान की रहनेवाली एक युवती ने कंपनी के खिलाफ नौकरी देने के नाम पर लड़कियों को फंसाने और उनका यौन शोषण करने का आरोप लगाया है.युवती ने इस मामले में तिलक कुमार सिंह पर झूठी शादी करने और फिर मारपीट कर घर से बाहर निकाल देने का भी आरोप लगाया है.

## घनुडीह मोहरीबांध में हैवी बलास्टिंग से आधे दर्जन लोंगों के घरों पर पत्थर गिरने से कई लोग घायल

अंतर्कथा प्रतिनिधि

तिसरा: घनुडीह ओ पी अंतर्गत मोहरीबांध स्थित हैवी बलास्टिंग से आस पास के आधे दर्जन लोंगों के घरों पर बलास्टिंग के पत्थर गिरने से कई लोग घायल हुए थें। स्थानीय प्रदर्शनकारियों पर आउटसोर्सिंग के संचालक लाल बाबू सिंह व कुंभकार सिंह के इसारे पर लाठीचार्ज की गई। इससे प्रदर्शन कारी उग्र हो गए। उग्र होतें देख संचालक के गुर्गे द्वारा छः राउंड गोली चलाई गई, जिसमें जागों भुइयां को गोली लगी हैं जिसे लोगों ने घायल अवस्था में धनबाद पि एम सि एच में भरती कराई गई हैं। इस संबंध में तिसरा थाना में मारपीट और छः राउण्ड गोली चली थीं । इस संबंध में एफ आई आर दर्ज कराई गई थीं। कांड संख्या 46/24,17,624 धारा 341, 323, 325, 307/504 /506/34 भादवी,27 आर्म्स एक्ट, 3(1)(r)(s)एससी/एस टी/के तहत एटी देव प्रभा के निर्देश कुंभनाथ सिंह, बोर्डिंगारड एवं अन्य 17 पर मामला दर्ज की गई हैं। अंतर्गत मामलें दर्ज कराई गई थीं।

झरिया,घनुडीह तिसरा पुलिस द्वारा धर पकड़ के लिए रात्री में छापामारी की गई। झरिया विधायक पूर्णिमा सिंह अपने समरथकों के साथ धरने पर बैठ गई थीं। पूर्णिमा नीरज सिंह द्वारा एफ आई आर दर्ज में नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार करने की मांग की गई थीं। कुजामा व मोहरीबांध के सैकडो लोग विस्थापन का दंश आज भी झेल रहें हैं।

## गिरिडीह से रानीगंज जा रही कार ने मारा जोरदार टक्कर,एक की मौत दूसरा दुर्गापूर रेफर

अंतर्कथा प्रतिनिधि



गोबिंदपुर : एक बार फिर से भीषण सड़क हादसा हुआ है अहले सुबह गोविंदपुर टुंडी रोड में जगदम्बा हार्डकोक के निकट गिरिडीह से रानीगंज जा रही लग्जरी कार ने एक खड़े ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया घटनास्थल में एक महिला की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति बुरी तरह से घायल हुआ है जिन्हें इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच लाया गया जहां से उसे दुर्गापुर रेफर कर दिया गया है कार में कुल 5 लोग सवार थें जिन्हें आंशिक चोट आई है उन्हें इलाज करके घर भेज दिया गया है घायल के परिजनों ने बताया कि आलम मल्लिक अपने परिवार के साथ रानीगंज जा रहे थे इसी क्रम में दुर्घटना के शिकार हुए हैं घटना के बाद स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से उनके घायलों को अस्पताल ले जाया गया जहां से उन्हें दुर्गापुर रेफर कर दिया गया है!

# अभिनेता व डायरेक्टर अविनाश ध्यानी ने विद्यार्थियों को सिखाए फिल्म निर्माण के गुर

- अरका जैन यूनिवर्सिटी के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की ओर से एक अतिथि वार्ता का आयोजन किया गया. जिसमें अभिनेता सह निर्देशक अविनाश ध्यानी ने "फिल्म निर्माण की कला और उद्यमिता विकास" विषय पर अपनी बातों को प्रस्तुत किया.

अंतर्कथा प्रतिनिधि



जमशेदपुर. अरका जैन यूनिवर्सिटी के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की ओर से एक अतिथि वार्ता का आयोजन किया गया. जिसमें अभिनेता सह निर्देशक अविनाश ध्यानी ने """""फिल्म निर्माण की कला और उद्यमिता विकास""""""" विषय पर अपनी बातों को प्रस्तुत किया.

उन्होंने विद्यार्थियों को फिल्म निर्देशन, फिल्म निर्माण, फिल्म द्वारा उद्यमिता विकास के बारे में बारीकी से बताया. इस दौरान विद्यार्थियों को उनसे सवाल जवाब भी करने का मौका मिला. सभी सवालों का जवाब अविनाश ध्यानी ने दिया. फिल्म निर्माता मनीष कुमार द्वारा निर्मित फिल्म "फूली" के बारे में भी उन्होंने छात्रों से बात की.

अरका जैन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. ईश्वरन अय्यर, बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के चेयरमैन प्रोफेसर डॉ. एस. एस. रजी, रजिस्ट्रार डॉ. अमित कुमार श्रीवास्तव ने पत्रकारिता विभाग द्वारा किए जाने वाले कार्यों की सराहना की. ऑनलाइन अतिथि वार्ता के संयोजक पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राहुल अमीन एवं कोऑर्डिनेटर पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के सहायक प्रोफेसर श्याम कुमार थे.








स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक विनोद आनंद (विनोद कुमार मंडल) के लिए सहयोग प्रिंटर्स एंड पब्लिकेशन, रतनपुर, पो-गोविन्दपुर, जिला - धनबाद, झारखंड, पिन- 828109 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक-'विनोद आनंद, कार्यालय-रतनपुर, पो गोविन्दपुर, जिला-धनबाद, झारखंड - 828109, (पी आर बी के तहत खबर चयन के लिए जिम्मेवार), आरएनआई पंजीयन संख्या 68458/98